## वीयू – माननीय मंत्री पशुपालन एवं डेयरी विभाग मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय महू के नवीन कन्या छात्रावास का लोकार्पण

गौ सेवा हमको हमारे जीवन में सर्वोच्च स्थान दिला सकती है उक्त कथन माननीय राज्य मंत्री पशुपालन एवं डेयरी विभाग मध्य प्रदेश सरकार श्री लखन पटेल जी ने पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय महू के सभागार में संबोधित करते हुए कहे। माननीय मंत्री श्री लखन पटेल जी ने पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय का भ्रमण किया तथा महाविद्यालय की गतिविधियों का जायजा लिया इसी दौरान नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलगुरु प्रोफेसर (डॉ) मनदीप शर्मा जी के साथ मंत्री श्री लखन पटेल जी ने नवीन कन्या छात्रावास का लोकार्पण भी किया। श्री लखन पटेल जी ने महाविद्यालय के छात्र छात्राओं से बात कर उनकी समस्याओं का जायजा लिया तथा इंटर्नशिप छात्रों का मानदेय बढ़ाने का आश्वासन भी दिया। सभागार में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ बी.पी. शुक्ला ने सभी अतिथियों का सम्मान पुष्प गुच्छ देकर किया तथा महाविद्यालय की उपलब्धियां एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कुलगुरु डॉ. मनदीप

शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय के छात्र राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री सुनील मानसिंका जी ने भी उद्बोधन दिया। माननीय मंत्री जी ने महाविद्यालय की समस्याओं को जल्द दूर करने का आश्वासन भी दिया। मंत्री श्री लखन पटेल जी ने महाविद्यालय द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के संपदा अधिकारी डॉ एस के कारमोरे, अस्सिटेंट रजिस्टार श्री रामकिंकर जी, जिला पंचायत सदस्य श्री दिनेश सिंह चौहान, श्री धनोतिया जी अहिल्या माता गौशाला, श्री राजेश गुप्ता जी एवं श्री अग्रवाल जी भी उपस्थित थे। संचालन डॉ. संदीप नानावटी ने किया तथा आभार डॉ. हेमंत मेहता ने व्यक्त किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर